दिन–बुधवार दिनांक– 09/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अब तक तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार यह संख्या कुल मतदाताओं का छियालीस दशमलव नौ पांच प्रतिशत है। आयोग ने कहा है कि पिछले दो सप्ताह में सात करोड़ नब्बे लाख गणना प्रपत्र छापे गये हैं और उनमें से सात करोड़ सत्तर लाख से अधिक गणना प्रपत्र मतदाताओं के बीच वितरित किये जा चुके हैं। बीएलओ, बीएलए और स्वयं सेवकों के सहयोग और ऑनलाईन माध्यम से गणना प्रपत्र भरने और जमा करने का काम सुचारू रूप से चल रहा है।

————————————————————————

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में महागठबंधन के आह्वान पर बिहार बंद के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। बिहार बंद में राजद, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी और वामपंथी दल शामिल हैं। सुबह से ही सड़कों पर आम दिनों की तुलना में कम वाहन चल रहे हैं। बंद समर्थकों ने कई जगहों पर सड़कें जाम कीं और रेल सेवाएं बाधित कीं। हालांकि, सरकारी कार्यालय और अन्य प्रतिष्ठान सामान्य रूप से खुले हैं। प्रदर्शनकारियों ने मधुबनी, मुंगेर, जहानाबाद और अरवल सहित कई जिलों में रेल सेवाएं बाधित कीं और रेलवे ट्रैक जाम कर दिए। मधुबनी में गंगासागर एक्सप्रेस और सरयू यमुना एक्सप्रेस के संचालन को बाधित करने का प्रयास किया गया। कटिहार में, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– इकतीस पर विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया। समस्तीपुर और ताजपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– अट्ठाईस पर वाहनों की आवाजाही बाधित रही। वैशाली ज़िले में बंद समर्थकों ने सड़कों पर टायर जलाकर यातायात भी बाधित किया।

————————————————————————

पटना में बिहार बंद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शामिल हुए। उनके साथ राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी शामिल हुए। ये सभी इनकम टैक्स गोलम्बर से

प्रदर्शन करते हुए चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए निकले, लेकिन सचिवालय थाने के पास इन सभी को रोक लिया गया। श्री गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक हितों की रक्षा करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर गरीबों और वंचितों का नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश चल रही है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने महागठबंधन पर संवैधानिक संस्थाओं के अपमान करने का आरोप लगाया है। बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने आरोप लगाया कि बंद की आड़ में आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चला रहा है।

———————————————————————————

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने आज पटना में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण समेत केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा की। समीक्षा बैठक में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार समेत वरिष्ठ विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने राज्य में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जो भी मांगे की गई हैं, उसे पूरा किया जाएगा।

———————————————————————————

पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के रिक्त चार सौ तीन पदों के लिए आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सभी बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान जारी है। मतणना ग्यारह जुलाई को होगी।

———————————————————————————

कटिहार जिले के डंडखोरा रेलवे स्टेशन के पास उदयपुर— कामाख्या कवि गुरु एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। इस कारण इस रेल मार्ग पर कई घंटों तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र से एसएसबी की टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में कोडिनयुक्त सीरप और नशीली दवाईयों के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।